हमारे किसान की बहुत दुर्दशा हो रही है। भारत की दो-तिहाई आबादी कृषि पर निर्भर है, इसके बावजूद किसानों के उत्थान पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। देश में 70 प्रतिशत क्षेत्र असिंचित है जिसे सिंचित किए जाने की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। भारत में खेती के लिए सबसे कम पूंजी निर्माण यह सिद्ध करता है कि इस क्षेत्र को हमारी योजनाओं में सबसे कम महत्व दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त किसान हर वर्ष सूखे, बाढ़ व अन्य प्राकृतिक आपदाओं के भी शिकार हो जाते हैं। किसानों को उनकी फसल का उचित दाम, ठीक समय पर नहीं मिल पाता है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय सरकार से आग्रह करता हूं कि किसानों को कृषि उत्पादों के लाभकारी मूल्य दिए जाने, इस क्षेत्र से सभी नियंत्रण हटाने और सस्ती दरों पर खेती का सामान देने की दिशा में कुछ ठोस कदम उठाए जाएं। उन्हें बिजली मुहैया कराई जाए जिससे वे अपनी सिंचाई की क्षमता को बढ़ा सकें और उनके लिए बिजली का समय निश्चित किया जाए ताकि किसानों का जीवन-स्तर ऊंचा उठ सके।

MR. CHAIRMAN : Shri Aimaduddin Ahmad Khan (Durru). Not present. Shri Ramachandra Khuntia. Not present. Prof. Saif-Ud-Din-Soz. Not present. Shri K.B. Krishna Murthy. Not present. Shri V.V. Raghavan. Not present. Dr. Prabha Thakur. Not present. Shri K. Chandran Pillai. Not present. Dr. T. Subbarami Reddy. Not present. Shrimati Kum Kum Rai. Not present. Prof. M.M. Agarwal. Not present. Shri Motilal Vora. Not present. Shri P.K. Maheshwari. Not present. Shri Harish Rawat. Not present.

Farewell to the retiring Members

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, eight nominated Members of this House, namely, Shri Kuldip Nayyar, Shrimati Shabana Azmi, Dr. Raja Ramanna, Shri Mrinal Sen, Chaudhary Harmohan Singh Yadav, Dr. (Ms.) P. Selvie Das, Shri Kartar Singh Duggal and Dr. C. Naryana Reddy, are retiring on the 26th August, 2003, on completion of their term of office. Another Member from the Union Territory of Pondicherry, namely, Shri C.P. Thirunavukkarasu, is also retiring on the 6th October, 2003, on completion of his term of office. As the Members are retiring between the conclusion of the current Session and commencement of the next Winter Session, I take this opportunity on the last day of this Session to bid them farewell.

The departure of one's colleagues brings sadness. I am, however, sure, the retiring Members would have a sense of fulfilment. They have made valuable contributions to the proceedings of this House through their matured and seasoned participation on many memorable occasions. I am sure they would cherish the memory of their association with this

august House. I wish them all happiness, good health and prosperity wherever they may go, and I hope they would continue to serve the nation with the same vigour and earnestness.

THE DEPUTY CHAIRMAN (DR. (SHRIMATI) NAJMA HEPTULLA): Hon. Chairman, Sir, it is really with a heavy heart that we bid farewell to our Members who are retiring; and, specially so, to such eminent Members who had been nominated by the hon. President as a special category, for their excellence in their specialised subjects. And, I am very happy that all these eight Members, who were nominated by the hon. President as a special category, made excellent contribution in the House, not only on the subjects for which they have been working throughout their lives, but also on the day-to-day issues and problems arising in our vibrant democratic country.

I have seen many nominated Members, who used to come occasionally; they would sit quietly and sometimes they make their contributions. This group of eight Members, who will not be here in the next Session, have participated well.

Shri Kuldip Nayyar, a journalist par excellence, a writer, and the former High Commissioner of U.K., is a real activist in every walk of life, especially so, in the friendship efforts with our neighbours. The atmosphere today has changed. But at a time when it was not so conducive, Shri Kuldip Nayyar's, perhaps, was the lone voice in this House to speak of friendship with Pakistan.

Shrimati Shabana Azmi; there is hardly anything that I cannot say about her. I can go on speaking about her performance in the House, let alone her excellent performance in the movies. Just last night I was telling her that we always admired her for the various roles she played in the movies, but that the role that she played in Parliament, in the Rajya Sabha, had been excellent. She has not only been an actress on the silver screen, but she has also performed extremely well so far as issues relating to gender justice, issues relating to women's participation, etc. were concerned. As I was telling her yesterday, I wish there were many more women in this House having the same concern on issues relating not only to women but also the down-trodden and the backwards in our society. I wish you all the very best, Shabanaji.

Dr. Raja Ramanna Saheb, you have been in this House before. Sir, I came to know Dr. Raja Ramanna when I became the Member of Parliament

in 1980 and opted to be in the Consultative Committee for the Department of Science and Technology, which Shrimati Indira Gandhi used to preside. And I have seen how excellently he used to participate in the deliberations and give us the background of what the department of Science and Technology and Space was doing. We are proud of you, and we are proud to have you in our House.

Shri Mrinal Sen is a film-maker and a writer. Unfortunately, because of his preoccupation with his profession, he could not participate in the functioning of this House. But, I am sure, whatever he had spoken here would have enriched our records and the Members in this House.

Chaudhary Harmohan Singh Yadav is an activist, a social worker and an agriculturist. He spoke about the problems of the kisans and for betterment of the kisans. He has been very active in this field. We wish you all the best in your work.

Dr. (Ms.) P. Selvie Das, we know what you have done in the field of education. The country owes you a lot. You have done a lot not only for women's education, but also for general education, and your contribution in the House has been very valuable. Seeing the work you have done all your life in the field of education, I wish there were many more educated people like you who could contribute and make our people not only literate but really educated.

Shri Kartar Singh Duggal; Duggal Saheb, I have had a lot of association with you. I really cherish all the books which you have given to me; and I have read them. Your recent book, in which you have translated the *Dohas* of Kabeer-and which we have still to get released by the hon. Prime Minister-is extremely good and, I am sure, not only in India, but also in the rest of the world, it will represent the spirit, the soul and the ethos of India and the national integration that India symbolises. We hope that your book will be read by many more people all over the world.

Dr. C. Narayana Reddy, again, is a writer and a Jnanpeeth awardee. I have been associated with his activities. I don't know if many people are aware that Dr. Reddy writes poetry in Urdu also. And his Urdu naturally is very good, as he comes from Hyderabad. I would only have one regret for all these people, whether it is Kuldip Nayyarji, Shabana Azmi or Kartar Singh Duggal and Dr. Reddy. All four of them are excellent in Urdu and sometime when I used to send a chit for any subject or anything which I

wanted to tell them, I used to send it to them in Urdu, so that no other person could read. That will be my loss in this House. *(Interruptions)* You are not retiring. So, I don't have to talk about you. When you do, I will.

The other Member who will not be with us, and who is retiring, Mr. Chairman has said, is Mr. Thirunavukkarasu. I was telling him, "Mr. Thirunavukkarasu, with great difficulty, in six years, I learnt to speak your name correctly, and please don't retire because then I will have to start the process again. I don't know who is going to be replaced by you, whether I will be able to pronounce that name." Mr. Thirunavukkarasu, you have really been very active, very active in all the verbal duals between the DMK Members and the AIADMK Members. Though your party was very less in number, your voice was, in no way, lower than the rest of them. I wish you all the best. I wish all our retiring Members all the best, and we hope that though you may not be coming to this House, you may not be coming to this precincts, but this Parliament will ways welcome you in the Central Hall; and as long as I am in that room, Room No. 31, you are most welcome. Thank you very much.

THE MINISTER OF FINANCE AND THE LEADER OF THE HOUSE (SHRI JASWANT SINGH): Mr. Chairman, Sir, it is my great privilege and honour to very briefly bid farewell to our distinguished and honourable colleagues who, after completion of an illustrious period of six years in the House, today retire from this House. It is a very unusual combination, Mr. Chairman, of talent, beauty, grace and sensibility. We were all enriched by their presence. We were enriched by the contribution that they made to the debates. And in my personal capacity, I have had the honour of knowing, not all of them, as well as I know some other, certainly, knowing all of them, and I have personally been enriched by my association with them. I know that the House will be poorer when you are not with us. But, there is a certain continuity in this House, unlike the other House. It is a river that flows constantly, and the water keeps arriving in this river. There is no break in the river of the Rajya Sabha. And in that sense, what you have left with us by your contribution, by your association with us and by your memory, the fragrance of it will remain, and, of course, your association with us, as well as in the lowly trade of politics will also remain. Some of you will comment on it in your life, as a continuing activity. Some others will watch with bemusement, like Dr. Raja Ramanna, a very eminent

nuclear physicist, with whom I have had very long association. We were enriched by the hon. Members, Sir. I am certain that they grow. But, on behalf of the House and, no doubt, I bid all of you farewell. In bidding farewell to all of you, I also convey the collective good wishes of the whole House, even though some of our hon. Members on that side are not present, and you will carry these good wishes with you. We are part of the fraternity of the membership of Parliament that has got created, and at any time and on any occasion, we will remain in your service. That is our assurance. We bid you farewell. Hon. Members, it is only a farewell, it is not a good-bye.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH (Andhra Pradesh): Sir, I wish to place on record my deep sense of gratitude and appreciation for the great contribution made by all retiring Members of this august House. They are people of great eminence in their respective disciplines. They have an excellent public life both inside and outside the House for a considerable length of time. Being unattached to any political party, they have contributed to many debates most dispassionately, fearlessly and with a sense of neutrality, and thereby undoubtedly, they have elevated the quality and standard of debates. They have increased the standard of debates. They could, undoubtedly, I can say, act as watchdogs and conscience keepers of this nation in this august House. Their contribution will be remembered by one and all. Any Member like me, who has to Parliament for the first time, has been greatly benefited and enriched by their association with this august House. We may miss all of you, Sir, in this august House. But we will continue to associate ourselves with you in our future endeavours in serving this great nation. I, on my own behalf, and on behalf of my party, wish them well and the best in life, and request them to continue to serve our motherland as they have been doing already. Thank you.

श्री संजय निरूपम (महाराष्ट्र) : आदरणीय सभापति जी, आज यह विदाई का क्षण है। हमारे आठ साथियों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। पिछले 6 वर्षों से हम लोग इस सदन में तमाम मतभेदों के बावजूद एक साथ काम कर रहे थे। विशेषकर शबाना जी, जिनके बारे में मैं कह सकता हूं कि मेरे गांव की हैं, हम लोग एक ही गांव के, एक ही मुम्बई के हैं। कुलदीप नैयर साहब, डा० राजा रामण्णा, इतने बड़े विद्वान वैज्ञानिक जिनके प्रश्न और विचार सुनकर हम हमेशा लाभान्वित हुए। नारायण रेड्डी साहब जो तेलुगु साहित्य के एक बहुत बड़े लेखक हैं, ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता हैं।

सुश्री पी॰ सेल्वी दास, बहुत थोड़ा सा बोलीं लेकिन जितना भी बोलीं बहुत महत्वपूर्ण बोलीं। दुग्गल जी, जिनकी कहानियां मैंने पढ़ी हैं, पंजाबी के बहुत बड़े लेखक हैं। मृणाल सेन जी और हमारे पांडिचेरी के साथी जिनका नाम आज तक मैं बहुत मुश्किल से ले पाता हूं, अरासु साहब, जिनके लिए मन में एक श्रद्धा है, सम्मान है। ये सारे के सारे जो माननीय सदस्य हैं, अपने-अपने क्षेत्र के बहुत ही योग्य, प्रतिभासंपन्न हैं और समाज में जिनका बहुत बड़ा योगदान रहा है, उनको पिछली से पिछली सरकार यहां पर लेकर आई थी। राष्ट्रपति जी ने उनको मनोनीत किया था और उनके आने से निश्चित तौर पर यहां हर बहस में, हर चर्चा में हमें एक लाभ ही मिला। हम लोगों को बहुत कुछ सीखने को मिला लेकिन सभी की टर्म पूरी होनी है, सभी को जाना है। इस सदन से भी और आगे भी लेकिन जब कोई जाता है, जब अपना कोई बिछड़ता है तो दिल में बहुत दुख होता है, एक गम होता है और उसी गम के साथ, उसी दुख के साथ मैं अपने साथियों को आज विदा दे रहा हूं। विशेषकर शबाना जी के लिए मन में बड़ा सम्मान रहा है। हालांकि हम दोनों के बीच कई मुद्दों पर बड़े मतभेद रहे हैं, दोनों अलग-अलग ध्रुवों पर रहे हैं लेकिन शबाना जी की जो आंदोलनकारी प्रवृत्ति है, उसका मैं बहुत सम्मान करता हूं। मैंने हमेशा सम्मान किया है कई मुद्दों पर, जैसे आवास का विषय उनका बड़ा प्रिय विषय रहा और मुझे लगता है कि उस विषय पर कभी भी हमारे मतभेद नहीं हुए। महिलाओं के प्रश्न पर भी, अगर सिर्फ महिला आरक्षण बिल को छोड़ दें तो हर मुद्दे पर हम साथ में रहे। सिनेमा के प्रश्न पर परसों ही उन्होंने मुझसे सिग्नेचर कराए। बाद में मेरे पास किसी अखबार से फोन आया कि वह जो सेंसर सर्टिफिकेट का प्रश्न है फिल्म महोत्सव के लिए, वह शबाना जी इसलिए कर रही हैं क्योंकि गुजरात के दंगों के ऊपर कोई फिल्म है, उसको रोका जा रहा है, इसलिए उन्होंने कैम्पेन चलाया है। मैंने कहा मुझे कोई तकलीफ नहीं है उनके कैम्पेन से। मैं इस विचार पर उनके साथ था कि फिल्म फेस्टिवल्स में पहले से जो एक रिवाज़ है कि बगैर सेंसर सर्टिफिकेट्स की एंट्रीज़ आती हैं, तो अगर विदेशी फिल्मों के लिए यह व्यवस्था है और अगर हमारे देश की फिल्मों के लिए यह व्यवस्था नहीं हो रही है तो यह गलत हो रहा है। यह बात शबाना जी ने कही तो मैंने सिग्नेचर किए। इस प्रकार कई मुद्दों पर हम समान तौर पर मिल-जुल कर करते रहे और उनका बड़ा आग्रह रहा। वे बड़े आग्रही किस्म की शख्सियत हैं और जैसा कि स्वराज जी ने याद दिलाया कि एक बार मेरी वजह से वे रो भी पड़ी थीं। जबकि उसमें मेरा कोई दोष नहीं था, कोई गुनाह नहीं था, उसके बाद मैंने उन्हें बहुत बार समझाने की कोशिश की और वे समझीं भी। उस दुखद क्षण के लिए...(**व्यवधान** ...)

श्री सभापति: अभी तक नहीं समझीं हैं।

श्री संजय निरुपम: नहीं, समझ गई हैं, मेरे ख्याल ये समझ गई हैं, काफी कुछ समझी हैं। ये सारे के सारे जो योग्यतम माननीय सदस्य रहे हैं, ये यहां से जाकर, यह तो तय है कि ये दुबारा मनोनीत

होकर नहीं आ सकते हैं क्योंकि हमारी संवैधानिक व्यवस्था ऐसी नहीं है, लेकिन अगर किसी और माध्यम से आएं तो मैं ऐसी शुभकामना देता हूं कि वे फिर से राज्य सभा में आएं, हम लोग एक बार फिर से मिलकर काम करें। जहां मौका मिले तो आप अपने-अपने क्षेत्र में अच्छा और ज्यादा से ज्यादा काम करें। जैसी उपलब्धि आपने अभी तक के जीवन में हासिल की है बिल्कुल उसी प्रकार आगे भी काम करके करती रहें। शबाना जी के बारे में तो मुझे मालूम है कि परसों से या मेरे ख्याल से एक तारीख से एक महीने का शोडयूल लेकर साउथ में शूटिंग करने के लिए जा रही हैं। शबाना जी से फिल्म दर्शक एक बार फिर से निश्चित तौर पर लाभान्वित होंगे। वे बहुत ऊंचे दर्जे की अदाकारा हैं। हम राज्य सभा में उन्हें इतना व्यस्त कर रहे थे कि वह फिल्मों पर उतना कन्सेन्ट्रेट नहीं कर पा रही थीं। अब उन्हें समय मिलेगा और ऐसी मेरी शुभकामना है कि वे फिल्मों में अच्छी से अच्छी भूमिका निभाएं। धन्यवाद।

SHRI P.G. NARAYANAN (Tamil Nadu): Mr. Chairman, Sir, some of our hon. Members are retiring shortly after this Monsoon Session and it is my privilege to bid farewell to them. All of them played an active role in this House. They have contributed a lot to the proceedings of this House. They have also taken an active part in all the important discussions that took place in this House. They have served and fought for the downtrodden and other sections of the society. I am sure they will continue the same service to the society even after their retirement from this House. I, on my own behalf and on behalf of my party, wish them all the best. Thank you.

شری شاہد صدیقی ''اتر پردیش'' : سبھاپتی مہودے، میری بدقسمتی ہے کہ جب میں اس سدن میں آیا ہوں تو یہ تمام ممتاز لوگ جا رہے ہیں لیکن میری خوش قسمتی یہ رہی ہے کہ ان میں سے کم سے کم چار لوگ ایسے ہیں جنہیں میں نے بہت عرصے سے جانا ہے، اس سدن کے باہر سے جانا ہے۔ چاہے وہ کلدیپ نیر صاحب ہوں، شبانہ اعظمی جی ہوں، ہرموہن سنگھ یادو ہوں، راجارامنا صاحب ہوں، ڈاکٹر ریڈی ہوں، مرنال سین صاحب ہوں، سیلوی داس ہوں، کرتار سنگھ ڈگل ہوں۔ ان سب میں ایک چیز کامن ہے یہ جو کامن چیز ہے اس کی اس دیش اور اس سماج کو بہت زیادہ ضرورت ہے۔ یہ کامن چیز یہ ہے کہ انہوں نے اس دیش کو، اس سماج کو، اس سوسائٹی کو بنانے میں، نیشنل انٹیگریٹی لانے میں، لوگوں کو بانٹنے والے جو مدعے ہیں، انہیں پاٹنے میں بہت بڑا یوگدان دیا ہے اور یہ سماج کو یوگدان دیتے رہیں گے۔ ان کی یہ جو بنیادی لڑائی تھی، میں سمجھتا ہوں کہ اس نے سدن کو بھی ایک شکتی دی ہے۔ یہ ایکتا کی، محبت کی، بھائی چارے کی خوشبو پھیلاتے رہے ہیں۔

یہ اس ایوان میں رہیں یا سدن سے باہر رہیں اس سے انہیں کوئی نہیں روک سکتا۔ یہ سدن میں اسی لئے آئے تھے کیونکہ اس کام کو کر رہے تھے سدن میں انہوں نے یہ کام کیا ہے اور آنے والے وقت میں بھی اس کام کو کرتے رہیں گے۔ مجھے تو ایک ڈر لگتا ہے، افسوس ہوتا ہے جب میں چاروں طرف کا ماحول دیکھتا ہوں، کیوں کہ میں کلدیپ نیر صاحب کو بچپن سے جانتا ہوں، انہیں بچپن سے دیکھا اور سمجھا ہے۔ مجھے آج یہ ڈر لگتا ہے کہ شاید بھگوان نے وہ سانچہ ہی توڑ دیا جس میں کلدیپ نیر صاحب جیسے لوگ بنا کرتے تھے۔ اس سانچے کے انسان جو اپنی پرواہ نہیں کرتے تھے، جو کسی چیز کا ڈر نہیں رکھتے تھے، جو پوری طاقت سے ایمان کی بات، حق کی بات، سچائی کی بات، انصاف کی بات، کمزور کی بات کرتے تھے۔ اس طرح کے انسان کلدیپ نیر صاحب رہے، آج بھی ہیں اور خدا کرے کہ اس برصغیر میں اگر پانچ سات اور کلدیپ نیر صاحب ہو جائیں تو اس برصغیر کے صرف پاکستان، ہندوستان کے مسئلے نہیں بلکہ ہندو مسلم کا مسئلہ، ہندو سکھ کا مسئلہ، امیر غریب کا مسئلہ، ساہوکار کا مسئلہ حل ہو جائے۔

شبانہ اعظمی جی کے بارے میں بہت کچھ کہا گیا ہے اور بہت کچھ کہا جائیگا۔ فلم انڈسٹری سے جو لوگ آئے ان کا اس سدن میں بھی بہت یوگدان رہا لیکن شبانہ اعظمی جی نے یہ ثابت کر دیا کہ فلم انڈسٹری کے لوگ ہر میدان میں ایک سوچ رکھتے ہیں، ایک فکر رکھتے ہیں ایک رائے رکھتے ہیں۔ اپنی بات کہنے کا حوصلہ اور ہمت رکھتے ہیں جو شبانہ جی نے یہاں سدن میں دکھایا ہے، سدن کے باہر بھی دکھایا ہے۔ وہ چاہے کاسن بول کوڈ کا سوال ہو، چاہے گجرات کا سوال ہو، چاہے انہیں مسلم فرقہ سے لوہا لینا پڑے چاہے ہندو فرقہ سے لڑنا پڑے، دونوں جگہ پر ایمانداری سے لڑی ہیں، سچ کے طور پر لڑی ہیں۔ انہوں نے یہ پرواہ نہیں کی کہ کون کیا کہے گا، یہ میں سمجھتا ہوں کہ شبانہ جی کی بہت بڑی بات ہے۔

ہرموہن سنگھ یادو جی ان مہان لوگوں میں سے ہیں جن پر ہم ہمیشہ فخر کریں گے اور جن کی وجہ سے ہندستان ہمیشہ زندہ رہے گا، طاقت ور رہے گا، جب ہم کہتے ہیں کہ مٹا نہیں ہے سارے جہاں میں اب تک باقی ہے نام و نشاں ہمارا، تو اس لئے باقی ہے کہ ہمارے پاس ہرموہن سنگھ یادو جی جیسے لوگ موجود ہیں ۱۹۸۴ کے دنگوں میں جب ہزاروں لاکھوں لوگ حیوان بن گئے تھے، اس وقت ہرموہن سنگھ جی جیسے لوگ تھے کہ جنہوں نے اپنی جان پر کھیل کر سیکڑوں سکھوں کی جان بچائی اور ان کا مقابلہ کیا، اس لئے نہیں کہ وہ سکھ تھے، اس لئے نہیں کہ وہ ہندو تھے اس لئے کہ انہیں ہندستان سے پیار تھا، ہندستان کی پرمپرا سے پیار تھا، ہندستان کی ایکتا کو باقی رکھنا چاہتے تھے۔ شور یہ چکر کسی فوجی کو چھوڑ کر اگر کسی سویلین کو ملا تھا تو وہ ہرموہن سنگھ جی کو ملا تھا۔ ہرموہن سنگھ جی جیسے لوگ ہمیں ہمیشہ روشنی دکھاتے رہیں گے، اس بات کا مجھے بڑا فخر ہے۔

ڈاکٹر راجا رامنا کے بارے میں مجھ جیسا چھوٹا انسان کچھ کہے تو بڑا غیر مناسب ہوگا۔ آج جب ہم کہتے ہیں کہ we are proud of India فخر سے ہندستانی ہم اپنے آپ کو کہتے ہیں تو فخر سے اس لئے ہندستانی کہتے ہیں کہ راجا رامنا جیسے لوگوں نے ہمیں فخر کرنا، ہمیں سر اٹھا کر چلنا سکھایا ہے اور ڈاکٹر راجا رامنا نے ہندستان کی سائنس کو، ٹکنالوجی کو، ماڈرن جنریشن کو بنانے میں ماڈرن ہندستان کو بنانے میں اگر پانچ، سات، دس نام لئے جائیں گے آج کے ہندستان کی تعمیر کرنے میں تو اس میں سب سے آگے ڈاکٹر راجا رامنا کا نام آئے گا۔ مجھے امید ہے کہ آئندہ بھی ڈاکٹر راجا رامنا جیسے لوگ یہاں پر آئیں گے اور ہمیں روشنی دکھائیں گے، ہماری گائڈنس کریں گے۔

مرنال سین صاحب یہاں پر موجود نہیں ہے، لیکن مجھے یاد ہے کہ ہندی فلم ادیوگ میں ایک کرانتی آئی تھی، میں اس وقت اسکول میں پڑھتا تھا اور فلم کو دیکھنے کے بعد مجھے لگا تھا کہ نہیں، ہماری فلمیں جو ہیں ان میں

بالکل ایک نئی سوچ ہے۔ اس سے پہلے بنگالی میں مایالم میں ایسی فلمیں بنا کرتی تھی لیکن ہندی میں یہ رواج نہیں تھا۔ جو مرنال سین صاحب نے ہندی میں جو پہلی فلم بنائی تھی اس فلم کا نام "بھونشوم" تھا۔ اس فلم نے ہندی فلم انڈسٹری کے اندر ایک کرانتی پیدا کر دی تھی۔ مرنال سین صاحب کا نام آج ہمارے لئے نہیں بلکہ پوری دنیا ان کے نام سے واقف ہے۔ اگر انڈین فلم انڈسٹری کی ایک پہچان ہے تو وہ یہ انہیں کی وجہ سے ہے پوری دنیا میں آج ہم اپنے نیوکلیر بم کے لئے اتنے نہیں جانے جاتے اور ہم ہماری پرمپرا، ہمارا میوزک، ہماری پوری تہذیب اگر جانی جاتی ہے تو وہ ہماری فلم انڈسٹری کے ذریعے جانی جاتی ہے۔ اس میں زندہ ناموں میں جو سب سے بڑا نام ہے وہ مرنال سین صاحب کا نام ہے۔ میں تو اپنے لئے بڑا گورو محسوس کرتا ہوں کہ مجھے ان کے کہیں آس پاس، نزدیک بیٹھنے کا اور آنے کا موقع ملا۔ مجھے اس بات کا بے حد فخر ہے کہ وہ اس ہاؤس میں رہے اور آگے بھی وہ زیادہ کام کر پائیں گے۔

ڈاکٹر سیلوی داس، کرتار سنگھ ڈگل صاحب، ڈاکٹر ریڈی صاحب جیسے جو لوگ ہیں، ان لوگوں نے اپنے لیکھ سے جو کام کیا ہے، کرتار سنگھ ڈگل صاحب کی تو ہم نے بچپن سے ان کی کہانیاں اور افسانے پڑھے ہیں۔ ابھی ہمارے ساتھ یہ پاکستان گئے تھے تو پاکستان کا کوئی شہر کوئی قصبہ ایسا نہیں تھا جہاں ان کے چاہنے والے محبت کرنے والے موجود نہیں تھے۔ ہر جگہ لوگ ان کی کہانیاں پڑھ کر ان کو سناتے تھے۔ ڈگل صاحب کی پنجابی اور اردو کی کہانیاں بچے بچے نے پڑھی ہوئی ہیں۔ ڈگل صاحب نے بھی سماج کو جوڑنے کا وہی کام کیا تھا۔ ان میں سے بہت سے لوگ ایسے ہیں، چاہے کلدیپ نیر ہیں، چاہے ڈگل صاحب ہیں جن کے دلوں پر زخم لگے تھے جب تقسیم ہوئی تھی، پارٹیشن ہوا تھا، اس کے بڑے زخم ان کے دل پر ہیں، لیکن اس کے باوجود انہوں نے ان زخموں کو ایک نیا موڑ دے دیا تھا، ایک پوزیٹیو موڑ دیدیا تھا اس سے نفرت کی نہیں بلکہ محبت کی انہوں نے جوت جلائی تھی، جو کہ آج تک جل رہی ہے۔ میں اپنی طرف سے، اپنی پارٹی کی طرف سے اور تمام ممبران پارلیمنٹ کی طرف سے ان سب لوگوں کا ابھینندن کرتا ہوں اور یہ وشواس کرتا ہوں کہ یہ اسی طرح سے ہمارا مارگ درشن کرتے رہیں گے۔ دھنیہ واد۔

†**श्री शाहिद सिद्दिकी (उत्तर प्रदेश)**: सभापति जी, मेरी बदकिस्मती है कि जब मैं इस सदन में आया हूं तो ये तमाम मुमताज लोग जा रहे हैं लेकिन मेरी खुशकिस्मती यह रही है कि इनमें से कम से कम चार लोग ऐसे हैं जिन्हें मैंने बहुत अरसे से जाना है, इस सदन के बाहर से जाना है। चाहे वे कुलदीप नैयर साहब हों, शबाना आजमी जी हों, हरमोहन सिंह यादव हों, राजा रमण्णा साहब हों, डा॰ रेड्डी हों, मृणाल सेन साहब हों, सेल्वी दास हों, करतार सिंह दुग्गल हों। इन सबमें एक चीज कॉमन है। यह जो कॉमन चीज है उसकी इस देश और इस समाज को बहुत ज्यादा आवश्यकता है। यह कॉमन चीज यह है कि इन्होंने इस देश को, इस समाज को, इस सोसायटी को बनाने में, नेशनल इंटेग्रिटी लाने में, लोगों को बांटने वाले जो मुद्दे हैं, उन्हें पाटने में बहुत बड़ा योगदान दिया है और ये समाज को योगदान देते रहेंगे। इनकी यह जो बुनियादी लड़ाई थी, मैं समझता हूं कि इसने सदन को भी एक शक्ति दी है। ये एकता की, मुहब्बत की, भाईचारे की खुशबू फैलाते रहे हैं। ये इस सदन में रहें या सदन से बाहर रहें, इससे इन्हें कोई नहीं रोक सकता ये सदन में इसीलिए आए थे क्योंकि इस काम को कर रहे थे। सदन में इन्होंने यह काम किया है और आने वाले वक्त में भी इस काम को

†Transliteration of Urdu speech.

करते रहेंगे। मुझे तो एक डर लगता है, अफसोस होता है जब मैं चारों तरफ का वातावरण देखता हूं, क्योंकि मैं कुलदीप नैयर साहब को बचपन से जानता हूं, इन्हें बचपन से देखा और समझा है, मुझे आज यह डर लगता है कि शायद भगवान ने वह सांचा ही तोड़ दिया जिसमें कुलदीप नैयर जैसे लोग बना करते थे। उस सांचे के इंसान जो अपनी परवाह नहीं करते थे, जो किसी चीज का डर नहीं रखते थे, जो पूरी ताकत से ईमान की बात, हक की बात, सच्चाई की बात, इंसाफ की बात, कमजोर की बात करते थे। उस तरह के इंसान कुलदीप नैयर साहब रहे, आज भी हैं और खुदा करे कि इस बर्रेसगीर में अगर पांच साल और कुलदीप नैयर साहब हो जाएं तो इस बर्रेसगीर के सिर्फ पाकिस्तान, हिन्दुस्तान के मसले नहीं बल्कि हिन्दू-मुस्लिम का मसला, हिन्दू-सिक्ख का मसला, अमीर-गरीब का मसला साउथ का मसला हल हो जाए। शबाना आजमी जी के बारे में बहुत कुछ कहा गया है और बहुत कुछ कहा जाएगा। फिल्म इंडस्ट्री से जो लोग आए उनका इस सदन में भी बहुत योगदान रहा लेकिन शबाना आजमी जी ने यह साबित कर दिया कि फिल्म इंडस्ट्री के लोग हर मैदान में एक सोच रखते हैं, एक फिक्र रखते हैं, एक राय रखते हैं, अपनी बात कहने का हौसला और हिम्मत रखते हैं, जो शबाना जी ने यहां सदन में भी दिखाया है, सदन के बाहर भी दिखाया है। वह चाहे कॉमन सिविल कोड का सवाल हो, चाहे गुजरात का सवाल हो, चाहे उन्हें मुस्लिम संप्रदाय से लोहा लेना पड़े, चाहे हिन्दू संप्रदाय से लड़ना पड़े, दोनों जगह पर ईमानदारी से लड़ी हैं, हक के तौर पर लड़ी हैं। उन्होंने परवाह नहीं की कि कौन क्या कहेगा, यह मैं समझता हूं कि शबाना जी की बहुत बड़ी बात है।

हरमोहन सिंह यादव जी उन महान लोगों में से हैं जिन पर हम हमेशा गर्व करेंगे और जिनकी वजह से हिन्दुस्तान हमेशा जिन्दा रहेगा, ताकतवर रहेगा, जब हम कहते हैं कि मिटता नहीं है सारे जहां में अब तक बाकी है नामो निशान हमारा, तो इसलिए बाकी है कि हमारे पास हरमोहन सिंह यादव जैसे लोग मौजूद हैं। 1984 के दंगों में जबकि हजारों-लाखों लोग हैवान बन गए थे, उस वक्त हरमोहन सिंह जी जैसे लोग थे जिन्होंने अपनी जान पर खेल कर सैंकड़ों सिखों की जान बचाई और उनका मुकाबला किया, इसलिए नहीं कि वे सिख थे, इसलिए नहीं कि वे हिन्दू थे, इसलिए कि इन्हें हिन्दुस्तान से प्यार था, हिन्दुस्तान की परंपरा से प्यार था, हिन्दुस्तान की एकता को बाकी रखना चाहते थे। शौर्य चक्र किसी फौजी को छोड़ कर अगर किसी सिविलियन को मिला था तो वह हरमोहन सिंह जी को मिला था। हरमोहन सिंह जी जैसे लोग हमें हमेशा रोशनी दिखाते रहेंगे, इस बात का मुझे बड़ा फख्र है।

डा॰ राजा रामण्णा के बारे में मुझ जैसा छोटा इंसान कुछ कहे तो बड़ा गैर मुनासिब होगा। आज जब हम कहते हैं कि We are proud of India, गर्व से हिन्दुस्तानी हम अपने आपको कहते हैं, तो गर्व से इसलिए हिन्दुस्तानी कहते हैं कि राजा रामण्णा जैसे लोगों ने हमें गर्व करना, हमें सर उठा कर चलना सिखाया है और डा॰ राजा रामण्णा ने हिन्दुस्तान की साईंस को, टैक्नोलोजी को, मॉडर्न

जेनरेशन को बनाने में, मॉडर्न हिन्दुस्तान को बनाने में, अगर पांच, सात, दस नाम लिए जायेंगे आज के हिन्दुस्तान की तामीर करने में, तो उनमें सब से आगे डा॰ राजा रामण्णा का नाम आयेगा। मुझे उम्मीद है कि आईंदा भी डा॰ राजा रामण्णा जैसे लोग यहां पर आयेंगे और हमें रोशनी दिखायेंगे, हमारी गाइडेंस करेंगे।

मृणाल सेन साहब यहां पर मौजूद नहीं हैं, लेकिन मुझे याद है कि हिन्दी फिल्म उद्योग में एक क्रांति आई थी, मैं उस वक्त स्कूल में पढ़ता था और उस फिल्म को देखने के बाद मुझे लगा था कि नहीं, हमारी फिल्में जो हैं उनमें बिल्कुल एक नई सोच है। उससे पहले बंगाली में, मलयालम में अच्छी फिल्में बना करती थीं, लेकिन हिन्दी में वह रिवाज़ नहीं था। मृणाल सेन साहब ने हिन्दी में जो पहली फिल्म बनाई थी उस फिल्म का नाम ''भोवनशोम'' था। उस फिल्म ने हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री के अंदर एक क्रांति पैदा कर दी थी। मृणाल सेन साहब का नाम आज हमारे लिए नहीं बल्कि पूरी दुनिया उनके नाम से वाकिफ है। अगर इंडियन फिल्म इंडस्ट्री की एक पहचान है तो वह इन्हीं की वजह से है। पूरी दुनिया में आज हम अपने न्यूक्लीयर बम के लिए इतने नहीं जाने जाते और हम हमारी परंपरा, हमारा म्यूज़िक, हमारी पूरी तहजीब यदि जानी जाती है तो वह हमारी फिल्म इंडस्ट्री के द्वारा जानी जाती है। उसमें जिन्दा नामों में जो सब से बड़ा नाम है वह मृणाल सेन साहब का है। मैं तो अपने लिए बड़ा गौरव महसूस करता हूं कि मुझे उनके कहीं आस-पास, नजदीक बैठने का और आने का मौका मिला। मुझे इस बात का बेहद फख्र है कि वे इस हाउस में रहे और आगे भी ज्यादा काम कर पायेंगे।

डा॰ सैल्वी दास, कर्तार सिंह दुग्गल साहब, डा॰ रेड्डी साहब जैसे जो लोग हैं, इन लोगों ने अपने लेखों से अच्छा काम किया है। कर्तार सिंह दुग्गल साहब की तो बचपन से हमने कहानियां और अफसाने पढ़े हैं। अभी हमारे साथ ये पाकिस्तान गए थे तो पाकिस्तान का कोई शहर, कोई कस्बा ऐसा नहीं था, जहां इनके चाहने वाले, मोहब्बत करने वाले मौजूद नहीं थे। हर जगह लोग इनकी कहानियां पढ़ कर इनको सुनाते थे। दुग्गल साहब की पंजाबी और उर्दू की कहानियां बच्चे-बच्चे ने पढ़ी हुई हैं। दुग्गल साहब ने भी समाज को जोड़ने का वही काम किया था। इनमें से बहुत से लोग ऐसे हैं, चाहे कुलदीप नैयर हैं, चाहे दुग्गल साहब हैं, जिनके दिलों पर जख्म लगे थे। जब तकसीम हुई थी, जब पार्टीशन हुआ था, तो उसके बड़े जख्म इनके दिल पर हैं, लेकिन इसके बावजूद इन्होंने उन जख्मों को एक नया मोड़ दे दिया था, एक पाज़िटिव मोड़ दे दिया था। उससे घृणा की नहीं बल्कि मोहब्बत की इन्होंने जोत जलाई थी, जो कि आज तक जल रही है। मैं अपनी तरफ से, अपनी पार्टी की तरफ से और तमाम मैंबरान-ए-पार्लियामेंट की तरफ से, इन सब लोगों का अभिनंदन करता हूं और वह विश्वास रखता हूं कि ये इसी तरह से हमारा मार्ग-दर्शन करते रहेंगे। धन्यवाद।

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Mr. Chairman, Sir, it really hurts that, now, we have to bid farewell to some of the hon. Members, who are retiring today. We have been very much enriched by their contribution to the debates in the House, and also in the other areas. Being Nominated Members, they have been experts in different fields. Once, Thomas Carlyle, while speaking about Dante, said, "It is not surprising that, by his intellect, he has learnt more than that was learnable." In the same way, we have Members here, who have learned more than what is learnable. We have been very much enriched by their addresses, by their friendship, by their contribution and by their association. Sir, their public life did not begin in this House, nor, is it going to end here; it will continue forever.

(THE DEPUTY CHAIRMAN in the Chair)

Madam, it will continue forever. Even if they retire from this House, we know that their public life, which they have led so far, will contiue. Madam, whenever a heated discussion takes place in this House, we get enlightened by the Nominated Members. Day-before-yesterday, we gave a farewell party, on behalf on our Parliamentary Party, to my colleague, Shri C.P. Thirunavukkarasu. But, after the party was over, I literally wept because he had moved me so much that I could hardly prevent it. We are going to miss a lot of things. It is going to create a vacuum that cannot be filled by anybody. But in a democracy, this is a natural process and we have to face it.

We hope that the services of these retiring Members will continue for our nation. We hope all of them, in their public life, would try their best to enrich the people of this country. So far, they have enriched the Members of Parliament, and, we know that they are going to enrich the knowledge of the people of this great nation. With these words, we bid them farewell. It is a good-bye; we hope to meet them again. Thank you.

DR. ARUN KUMAR SARMA (Assam): Madam Deputy Chairperson, I also rise to associate myself with the other hon. Members in extending my hearty gratitude to all the retiring Members who have come from various fields of life. Their presence in this House has added to the dignity of this House. I joined this august House in 1998, and for a few months, I could not recognize that they are Nominated Members because they performed so well that they were far superior to many of the elected Members of this

House. Their performance, their contribution was really inspiring for all of us, and this House has been benefited by their presence. Luckily, my seat was always very near to them. And I always felt that I would get some positive vibration from these personalities.

In the beginning, when I saw Shrimati Shabana Azmi speaking, I thought she was acting. I used to see her face to know whether she was just acting or really performing as a Member. I strongly feel that despite being a personality from that field, she could perform really well, even better than many other elected Members.

Shri Kuldip Nayyarji, Dr. Raja Ramannaji and Dr. C. Narayana Reddyji have all been very closely associated with the North-Eastern Region and I have special affinity for them. It is there for all the Members, but since they have some kind of a special involvement with the North-Eastern Region, I have special affinity for them. I, on behalf of my Party and my State wish them a very comfortable life and I also wish that they would continue to contribute more to the nation in their life.

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया (झारखंड) : उपसभापति महोदया, विदाई की बेला हो, चाहे घर से बेटी रुख्सत हो रही हो या कहीं अपने सहसाथी रुख्सत हो रहे हों, मन भारी हो जाता है। खासकर के ऐसे सदस्यों के साथ काम करते वक्त आदमी को गौरव महसूस होता है जबकि आप आर्ट प्रतिनिधि हों, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में सुप्रसिद्धि प्राप्त की हो और जो राष्ट्रपति के मनोनीत सदस्य बनकर हमारी इस संसद में आए हों। सिर्फ आए ही नहीं, बहुत कुछ सीखा, बहुत कुछ सिखाया, बहुत कुछ जाना और बहुत कुछ जनाया। व्यक्तिगत रूप से, मेरे सामने इन सदस्यों के साथ मेरी दूसरी विदाई है-1998 में मैं विदा हो गया था, ये रह गए थे और अब ये विदा हो रहे हैं, मैं रह गया हूं। मेरी प्रार्थना यही है कि समाज के जिस क्षेत्र से भी आप आए थे, जहां से भी आए थे, जो-जो काम करके आपने सुप्रसिद्धि प्राप्त की थी, आप अपने-अपने इलाके में, अपने-अपने क्षेत्र में, अपनी कलम की ताकत से, अपने अभिनय से, अपने और कामों से कहीं भी पीछे नहीं छूटें और वहां भी इसी तरह से जाने जाएं जिस तरह से यहां जाने जाते हैं।

खासकर के कुलदीप नैयर जी-मैं समझता हूं कि इस संसद के बहुत सारे सदस्य अपने छात्र जीवन और यूनिवर्सिटी जीवन से ही उनको पढ़ रहे हैं-ऐज़ ए कॉलमनिस्ट, ऐज़ ए राइटर उनके ख्यालों को जाना, समझा। बेबाक, निडर और बिना किसी स्वार्थ के आगे कैसे जाना है और कैसे सांझीवाल तक एक संदेश देना है, वह कोशिश सर्वदा रही है। मैं समझता हूं कि वे संसद में रहें या बाहर रहें अपने इन कर्त्तव्यों का पालन करते रहेंगे, इन कर्त्तव्यों को निभाते रहेंगे।

शबाना आज़मी जी सिने वर्ल्ड की एक नामी-गिरामी अभिनेत्री जब इस सदन में आई थी तब लोगों की आंखें चौंधिया गई थीं।

श्री कुलदीप नैयर (नाम-निर्देशित): अभी तक चौंधिया रही हैं।

(सभापति महोदय पीठासीन हुए)

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: कि सिने वर्ल्ड से एक तारिका आई हैं और इस संसद में क्या करेंगी। जो उनका बैकग्राउंड रहा है, खासकर के श्री कैफी आज़मी की सुपुत्री होने के कारण, जो विप्लवी चरित्र उनका रहा, जो ख्याल उनके रहे, वह अक्स उन पर भी उतरा है और उन्होंने उसका प्रदर्शन इस सदन में और इस सदन के माध्यम से सारे देश में किया है। हम आभारी हैं उनके।

डा॰ राजा रामण्णा मैं 1986 से साइंस एंड टैक्नोलॉजी एंड ऐटॉमिक स्पेस कमेटी का सदस्य रहा, डा॰ साहब को नजदीकी से देखा, समझा और उन्होंने साइंस एंड टैक्नोलॉजी में जिस तरह से हमारा सिर ऊंचा किया है, भारतवासियों का सिर ऊंचा किया है, उससे हमेशा गौरव महसूस होता रहा। उनके साथ, उनके सानिध्य में जो यहां काम करने का मौका मिला, उससे अपने आपको हमेशा गौरव महसूस होता रहा है।

मृणाल सेन जी जब आए थे, चूंकि मैं बहुभाषी हूं, पहले दिन जब मुलाकात हुई तो मैंने कहा बंगला में "क्या बंगला में आप किसी सरदार जी की पिक्चर बनाइएगा?" उनका वचन था "तुम्हारे जैसे सरदार की मैं पिक्चर जरूर बनाऊंगा।" पर उनकी मसरूफियत इतनी हैं ...(*व्यवधान*)...

श्री सभापति: बन गई क्या वह पिक्चर।

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया: अब उन्होंने यह वादा किया है कि मैं यहां से रुख्सत होकर जा रहा हूं अब जरूर बनाऊंगा। ...(*व्यवधान*)... मैं यहां रहूं या न रहूं, कुछ न कुछ तो करता ही रहूंगा। मैं यही उम्मीद करता हूं कि मृणाल बाबू जी, जो उनकी बाहर की जिंदगी का ऐक्सपीरिएंस है, उसको लेकर उन्होंने कई पिक्चरें बनाई। पार्लियामेंट में रहते हुए उन्होंने जो ज्ञान अर्जित किया है, मुझे उम्मीद है कि उस पर भी वे काफी काम करेंगे।

सभापति महोदय, चौधरी हरमोहन सिंह यादव जी के बारे में जितना कहा जाए, वह कम है। वे एक समाजसेवी हैं और समाज के दबे-कुचले लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने वाले इंसान हैं। उन्हें समाजवादी, गांधीवादी क्या न कहा जाए? आजकल गांधीवादियों ने गांधी टोपी पहननी बंद कर दी है लेकिन इनकी टोपी, इनकी पहचान है। इनकी यही पहचान है कि चौधरी साहब बिना किसी दुर्भावना के समाज में लोगों की मदद के लिए हर वक्त तैयार रहते हैं यह सराहनीय है और लोगों को इनसे यह सब सीखना चाहिए।

डा॰ कुमारी पी॰ सैल्वी दास ने शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय काम किए हैं, जिसके कारण राष्ट्रपति जी ने इनको सम्मानित करते हुए राज्य सभा का सदस्य बनाया था। इनके सवाल बड़े सटीक होते थे। इन्होंने सदन में जब भी सवाल किए, बड़े सटीक सवाल किए, जब भी कोई मुद्दे उठाए, बड़े सटीक मुद्दे उठाए और उसके पीछे इनकी यह मंशा रहती थी कि मैं इस माध्यम से अपनी आवाज को उठाकर फलां सेक्शन को न्याय दिलवाऊं। मैं समझता हूं कि यहां से जाकर भी वे इसी काम में व्यस्त रहेंगी और जहां भी वे हमारी मदद चाहेंगी, हम उनके साथ हैं।

सरदार कर्तार सिंह दुग्गल जी का नाम घर-घर का नाम है, चाहे धर्म की बात हो, चाहे सामाजिक उपन्यास की बात हो, चाहे कविताओं की बात हो, चाहे दोहों की बात हो। कर्तार सिंह दुग्गल जी को अगर किसी ने नहीं पढ़ा तो शायद उन्हें जानने में कमी रह गई। कर्तार सिंह दुग्गल जी को जानने के लिए उनकी पुस्तकें पढ़ने के साथ-साथ उनके साथ बैठकर उनके जीवन-चरित्र को जानने की जरूरत है और उस अक्स को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। वे एक भले पुरुष हैं, वे बड़ी धीमी आवाज में बोलते हैं और आहिस्ता-आहिस्ता अपनी बात को सही तरीके से पहुंचाते हैं। मुझे कमेटियों में भी उनके साथ काम करने का मौका मिला है। वे अपनी बात कहने से कभी नहीं चूकते हैं।

डा॰ सी॰ नारायण रेड्डी अपने मज़ाकिया अंदाज में सब कुछ कह डालते हैं। उन्हें स्पेशल मैंशन सदन में करना ही है और अगर रेड्डी साहब का स्पेशल मैंशन नहीं हुआ तो इसका मतलब यह है कि वे उपस्थित नहीं हैं। उन्होंने स्पेशल मैंशन के माध्यम से कला क्षेत्र, सामाजिक क्षेत्र, सांस्कृतिक क्षेत्र की बातों को उभारा है। यही कारण है कि वे ज्ञानपीठ पुरस्कार द्वारा सम्मानित हुए और राष्ट्रपति जी ने उन्हें यहां नॉमिनेट किया। हमें गर्व है कि आंध्र के इस पुत्र ने पूरे भारत में ख्याति प्राप्त की और आगे भी ये इस क्षेत्र में काम करके हिंदुस्तान के संस्कार और सभ्यता को यह सम्मान दिलाते रहेंगे।

हमारे साथी श्री सी॰ पी॰ तिरुनावुक्कारासु पांडिचेरी से हैं। इनके साथ मुझे विभिन्न कमेटियों में काम करने का मौका मिला और खासकर स्टॉक स्कैम की जे॰पी॰सी॰ में इनके साथ काम करने का मौका मिला। ये बहुत मेहनती हैं। ये पेशे से वकील हैं और खुला दिमाग रखते हैं। कोई भी कागज अगर इनके सामने रख दिया जाए तो 2 मिनटों में सोचकर ये उसका जवाब दे देते हैं। इनके साथ काम करके मुझे बहुत आनंद मिला है। इनमें कहीं कोई रिजिडिटी नहीं है, ये बहुत फ्लेक्सिबल हैं। ये चीज को स्वयं समझेंगे और दूसरों को समझाने के लिए, मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। शायद ऐसा ही चरित्र होना चाहिए एक समाजसेवक का, जो आप सबका है। मैं समझता हूं कि समाजसेवक का चरित्र एक एमरजेंसी वार्ड में काम करते हुए डॉक्टर जैसा होना चाहिए। एमरजेंसी वार्ड में जो डॉक्टर काम करता है, उसके सामने जब घायल आदमी या मरीज आता है तो वह उसकी जात और धर्म नहीं पूछता, वह केवल उसके जख्म को देखता है, उसकी तकलीफ को देखता है,

1-00 P.M.

उसको पहचानता है और उसका इलाज शुरू कर देता है। हां, रिकॉर्ड के लिए वह उसका नाम और पता लिखता है। मेरे ख्याल से हमारे ये जो 9 साथी रुखसत हो रहे हैं, उन्होंने इस धर्म का पालन किया है और आगे भी करते रहेंगे और हमारे लिए प्रेरणा के स्त्रोत बने रहेंगे।

सभापति महोदय, इस विदाई की वेला पर मैं यह कहूंगा कि शायद इन्होंने अपनी जिंदगी की शुरूआत वैसे ही की होगी जैसे किसी शायर ने कहा है कि -

''ए नाखुदा, मुझे किनारों से दूर ही रखना,

उधर ले चल, जिधर से तूफान उठने वाला है।''

तो यह सदस्य जिन्होंने अपनी जिंदगी में एक शिखर देखा, हिमाचल की चोटियों तक पहुंचे अपने-अपने क्षेत्रों में और उसका कारण है कि राष्ट्रपति जी ने इनकी प्रतिभा को पहचाना और यहां भेजा। हमारे पांडिचेरी के साथी को वहां की जनता ने और वहां की पार्टी ने उनको इस शिखर पर पहुंचा देखा तो यहां भेजा। आप यहां रहें, बाहर रहें हमारी शुभकामना आपके साथ है। हमारी शुभकामनाएं होंगी और हो सकता है कि कभी किसी चौराहे पर फिर मुलाकात आपसे हो, नहीं तो इसी दोराहे पर इसी सदन में फिर मुलाकात हो। इन्हीं शुकामनाओं के साथ मेरी पार्टी की तरफ से मैं पूरी शुभकामनाएं आपको देता हूं। धन्यवाद।

श्री गांधी आज़ाद (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद महोदय। छः साल का कार्यकाल पूरा करने के बाद जिन साथियों को हम लोग विदा कर रहे हैं वास्तव में ये सभी साथी अपने-अपने ढंग के प्रतिभावान साथी रहे हैं। इनमें से कुछ कलाकार, तो कुछ साहित्यकार, कुछ पत्रकार तो कुछ वैज्ञानिक रहे हैं और कुछ सामाजिक चिंतक रहे हैं और भिन्न-भिन्न प्रतिभा का अपने-अपने ढंग से सदन में प्रदर्शन करने का भी काम किया है। शबाना आज़मी जी तो मेरे जनपद आजमगढ़ की रहने वाली हैं। इन्होंने आजमगढ़ की एक चिंगारी के रूप में निकल करके और अपनी कलाकृतियों के द्वारा आजमगढ़ का नाम पूरे देश में रौशन करने का काम किया है। शबाना आज़मी के साथ जो भी साथी आज विदा हो रहे हैं उन सभी साथियों को मैं अपनी तरफ से, अपनी पार्टी-बहुजन समाज पार्टी की तरफ से उनको खुशहाल रहने की शुभकामना देता हूं और साथ ही साथ आशा करता हूं कि सदन के बाहर रह करके वे सभी साथी देश की खुशहाली के प्रति भी सदैव चिंतित रहेंगे। धन्यवाद।

स्वास्थ्य और कल्याण मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): धन्यवाद सभापति महोदय। सभापति जी, भारतीय संसद के दो सदन राज्य सभा और लोक सभा कुछ मायनों में बहुत समानता रखते हैं लेकिन कुछ मायनों में भिन्नता भी रखते हैं। और एक बुनियादी भिन्नता इन दोनों सदनों में यह है कि लोक सभा के लोग एक साथ चुन कर आते हैं और एक साथ वापिस चले जाते हैं। लेकिन राज्य सभा में बहुत बार विदाई का दृश्य उपस्थित होता है। हर दो वर्ष के बाद

एक तिहाई सदस्य रिटायर होते हैं। वह तो एक विदाई समारोह है। उसके बाद बीच-बीच में भी हमारे कुछ सदस्य रिटायर होते रहते हैं। अभी कुछ दिन पहले हमने अपने चार सदस्यों को विदाई दी थी। आज हम अपने 9 साथियों को विदाई दे रहे हैं जिनमें से 8 राष्ट्रपति जी द्वारा नामित हैं और एक पांडिचेरी द्वारा निर्वाचित। सभापति जी, जो राष्ट्रपति द्वारा नामित सदस्य होते हैं उनकी अपनी एक अलग श्रेणी होती है। वह वे व्यक्ति होते हैं जिन्होंने देश के विभिन्न क्षेत्रों में इतना बड़ा योगदान किया होता है कि उस योगदान के फलस्वरूप राष्ट्रपति जी उन्हें इस सदन में भेजते हैं और अगर आज हम नजर दौड़ाएं अपने उन 8 साथियों के प्रति तो गर्व की अनुभूति होती है कि राष्ट्रपति जी ने उनका चयन किया था और इस सदन की शोभा बढ़ाने के लिए उन्हें भेजा था। अगर हम प्रारम्भ करें कुलदीप नैयर से, तो वे देश के एक बहुत लब्ध प्रतिष्ठित पत्रकार हैं। शायद उनके हर लेख से मैं सहमत न हुई हूं लेकिन उनकी निर्भीकता, उनके बेबाकीपन ने हमेशा मुझे मोहित किया है। यह जानते हुए भी कि यह जिसके सामने जो बात कह रहे हैं। शायद वह उसे पसंद न आए, तो भी उन्होंने निर्भयता से अपनी बात रखी क्योंकि वे मन से उसे मानते हैं। एक कंविक्शन, एक निष्ठा जब व्यक्ति की होती है तो वह कहते हुए डरता नहीं और एक निर्भीक पत्रकार के रूप में श्री कुलदीप नैयर ने अपनी छवि बनाई है। शबाना आज़मी से तो मेरा अलग रिश्ता है। लोग बहुत बार आश्चर्यचकित होते हैं मेरी और उनकी दोस्ती देखकर। इस बात को मैंने उनके सामने भी बहुत बार कहा है और मैं आज यहां सदन के सामने भी खुलासा करना चाहूंगी कि वे मेरी चहेती अभिनेत्री रही हैं। उसका एक कारण रहा। महेश भट्ट ने एक फिल्म बनाई थी ''अर्थ''। उस ''अर्थ'' में एक बहुत स्वाभिमानी महिला की भूमिका शबाना आज़मी ने अदा की थी। उससे पहले जितनी फिल्में बना करती थीं, उनमें बीच में कुछ भी दिखाया जाए लेकिन अंत में महिला को झुकता हुआ, कॉम्प्रोमाइज़ करता हुआ, समझौतावादी ही दिखाया जाता था लेकिन वह एक फिल्म थी जहां अंत में एक स्वाभिमानी महिला समझौता नहीं करती बल्कि अपने स्वाभिमान के साथ खड़ी रहती है। वह भूमिका शबाना ने अदा की थी। उस दिन से वे मेरी चहेती अभिनेत्री, फेवरेट एक्ट्रैस हो गई थीं। इस बात को मैंने बहुत इंटरव्यूज़ में भी कहा है। मैंने कल्पना नहीं की थी कि कभी किसी समय उनके साथ एक सांसद, साथी और सहयोगी के रूप में काम करने का मौका मिलेगा मगर वह मौका जब मिला तो परिचय बहुत जल्दी दोस्ती में बदल गया और दोस्ती बहुत जल्दी आत्मीयता में। शायद उनके कुछ खयालातों से मेरी भिन्नता भी रही हो लेकिन एक जेन्युइननैस जो उनके अंदर मुझे दिखाई दी, उसने हमेशा मुझे प्रभावित किया। लोग हैरान थे कि कैसे आपकी और उनकी इतनी दोस्ती है! आज वे जा रही हैं, मुझे एक कमी खलेगी लेकिन शायद उससे भी ज्यादा कमी मेरे पति को खलेगी क्योंकि केन्द्रीय कक्ष में उनके साथ बैठने वाली जो चंद साथिनें थीं, शबाना उनमें से एक होती थी। ...(*व्यवधान*....)

श्री स्वराज कौशल (हरियाणा) : सर, यह शिकायत करने का फोरम तो नहीं है। इस पर तो घर पर बहुत चर्चा हो चुकी है।

श्री सभापति: शिकायत तो तब हो तब उनके मिलने से आपको कोई जलन हो रही हो।

श्रीमती सुषमा स्वराज: यह शिकायत नहीं है सभापति जी। यह और जिम्मेदारी का अहसास है क्योंकि थोड़ा समय जो वे बांट लिया करती थीं, वह समय अब मुझे साथ बिताना पड़ेगा।

सभापति जी, मृणाल दा की जहां तक बात है, शायद बहुत कम समय वे संसद में आए लेकिन मेरा उनसे परिचय हुआ आई॰ एंड॰ बी॰ मिनिस्टर के नाते। चंद प्रोडयूसर्स, चंद डायरेक्टर्स जिन्होंने अपनी एक छवि बनाई है भारतीय सिनेमा में-भारतीय सिनेमा केवल बॉलीवुड तक आइडेंटिफाई या पहचान करके रह गया था लेकिन जब हम इंडियन डाइवर्सिटी की बात करते हैं, जिसको मैं रीजनल फिल्म्स नहीं कहती, इंडियन डाइवर्सिटी कहती हूं क्योंकि वे उससे भी ज्यादा प्रमुख हैं जितना कि हिन्दी सिनेमा है- मृणाल दा का नाम उसमें आता है। पिछले ही सिने फेस्टिवल में उनकी फिल्म "आमोर भुवन" जिस तरह से चर्चित हुई थी, वह अपने आप में एक दाद देने वाली चीज़ थी।

श्री हरमोहन सिंह यादव जी-महोदय,जब राष्ट्रपति नाम चुनते हैं तो आम तौर पर जो विभिन्न क्षेत्रों में सेलिब्रिटी स्टेटस रखे हुए लोग होते हैं, उसमें उनका नाम होता है और शायद गांव-ज़मीन से जुड़े हुए लोग उसमें अछूते रह जाते थे। पिछली बार इस कमी को पूरा किया गया। अभी अहलुवालिया जी ने कहा कि वे गांधीवादी टोपी पहनते हैं। अहलुवालिया जी, वे केवल गांधीवादी टोपी ही नहीं पहनते बल्कि वे उस गांधीवादी पीढ़ी के व्यक्ति हैं जो पीढ़ी अब धीरे-धीरे खत्म हो रही है, जा रही है। इसीलिए जब वे राष्ट्रपति जी द्वारा नामित होकर यहां आए तो यह लगा कि जब हम सेवा का क्षेत्र चुनते हैं तो कहीं ने कहीं गांव और गांव की ज़मीन भी हमारे हाथ में रहेगी। आम व्यक्ति के सेवक, ज़मीन से जुड़े एक ऐसे व्यक्ति के रूप में हरमोहन सिंह यादव जी राष्ट्रपति द्वारा नामित होकर यहां आए।

श्री कर्तार सिंह दुग्गल केवल पंजाबी साहित्य में ही एक बड़ा नाम नहीं है बल्कि एक लेखक के रूप में पूरे हिंदुस्तान में उन्होंने यश और कीर्ति कमाई। उसके साथ-साथ प्रशासनिक क्षमता भी-वे बुक-ट्रस्ट के चेयरमैन भी रहे। आई॰एंड बी॰ की कंसल्टेटिव कमेटी के वे मैम्बर थे। मैं देखा करती थी कि किस तरह के उनके सुझाव आते थे! उनके अनुभवों से हमने बहुत लाभ उठाया और बिना किसी तरह का कोई द्वेष-भाव रखे हुए केवल सुझाव देने की नीयत से वे अपनी बात रखते थे। उनके अनुभवों की कमी खलेगी हमें।

श्री सी॰ नारायणन रेड्डी- जब हम बहुभाषी लोगों की संसद में बात करते हैं तो उनमें एक सबसे बड़ा नाम ज्ञानपीठ अवार्ड विजेता श्री सी॰ नारायण रेड्डी का आता है। जितना अच्छा तेलुगू में लिखते हैं, उतना ही अच्छा हिन्दी में लिखते हैं, जितना अच्छा हिन्दी में लिखते हैं, उससे ज्यादा अच्छा संस्कृत में लिखते हैं। आमतौर पर जो अच्छा लेखक होता है वह अच्छा वक्ता नहीं होता, जो अच्छा वक्ता

